# पाठ -6 ऑब्जेक्ट रूपी अवधारणा

1. वर्तमान में हम किस युग में जी रहे है?
   उ. इन्टरनेट, वेबसाइट, वेब आधारित प्रक्रियाएँ
2. निम्न में से कौन वर्तमान समय में बहुत महत्वपूर्ण है?
   उ. तेजी से अनुप्रयोग विकास, सोर्स कोड की पुनः उपयोगिता
3. कौन से रूप में ऑब्जेक्ट रूपीतकनीक सॉफ्टवेयर के विश्लेषण, डिजाईन और कार्यान्वन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है?
   उ. पद्धति, प्रतिमान
4. ऑब्जेक्ट रूपी तकनीक सॉफ्टवेर से सम्बंधित किस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है?
   उ. विश्लेषण, डिजाईन और कार्यान्वन
5. निम्न समय में कौन सी तकनीक सॉफ्टवेर के विश्लेषण, डिजाईन और कार्यान्वन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है?
   उ. ऑब्जेक्ट रूपी
6. ऑब्जेक्ट रूपी अवधारणाएँ कब से आरंभ हुई?
   उ. 1960 के दशक में
7. नए सॉफ्टवेयर के निर्माण के लिए ऑब्जेक्ट रूपी प्रोग्रामिंग कब से प्रोग्रामिंग का प्रतिमान बन गयी?
   उ. 1980 के दशक में मध्य तक
8. ऑब्जेक्ट रूपी प्रोग्रामिंग पद्धति को क्यों विकसित किया गया था?
   उ. सॉफ्टवेर प्रणालियों के तेजी से बढ़ते आकार और जटिलता को सँभालने के लिए, बड़ी और जटिल प्रणालियों को समय के साथ सरल बनाने के लिए
9. निम्नलिखित में  से कौन सी भाषा ऑब्जेक्ट रूपी प्रोग्रामिंग का समर्थन करती है?
   उ. C++, Java, C#, VB.net, ASP.net, PHP
10. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा ऑब्जेक्ट रूपी प्रोग्रामिंग का समर्थन  नहीं करती है?
    उ. BASIC, COBOL, PASCAL
11. Java के लिए सबसे उपयुक्त वाक्य कौन सा है?
    उ. एक ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड (वस्तुन्मुखी) प्रोग्रामिंग भाषा है|
12. प्रोग्रामिंग के तरीकों को कितने भागों में बाँटा गया है?
    उ. दो
13. प्रोग्रामिंग के तरीकों को कौन - कौन से भागों में बनता गया है?
    उ. प्रक्रियात्मक (Structural/Procedural), ऑब्जेक्ट रूपी

14. कौन-सी प्रोग्रामिंग पद्धति में ध्यान लेखनकार्य या डेटा पर की जानेवाली प्रक्रियाओं पर केन्द्रित होता है?

अथवा

कौन-सी प्रोग्रामिंग पद्धति में ध्यान डेटा पर किये जानेवाले कार्य और प्रक्रियाओं के लेखन पर केन्द्रित होता है?

उ. प्रक्रियात्मक

15. प्रक्रियात्मक प्रोग्रामिंग पद्धति मैं ध्यान किन पर केन्द्रित होता है?

उ. डेटा पर की जानेवाली प्रक्रियाओं और लेखन पर

16. पुस्तकालय विनियोग सॉफ्टवेर में हम पुस्तकालय आवेदन की सभी प्रक्रियाओं के बारे में सोचते है और छात्र पंजीकरण, पुस्तक वितरण, पुस्तक वापसी और दंड गणना जैसी बातों पर ध्यान केन्द्रित करते है? यह कौनसी प्रोग्रामिंग का उदाहरण है?

उ. प्रक्रियात्मक

17. कौन-सी प्रोग्रामिंग पद्धति में ध्यान विनियोग में समाविष्ट विभिन्न वस्तुओं पर केन्द्रित होता है?

उ.ऑब्जेक्ट रूपी

18. ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड कार्यप्रणाली में किन पर ध्यान केन्द्रित होता है ?

उ. वस्तुओं पर

अथवा

उ. ऑब्जेक्ट्स पर

19. ऑब्जेक्ट में कौन समाविष्ट होता है?

उ.डेटा, क्रियात्मकता

20. पुस्तकालय विनियोग सॉफ्टवेर में हम छात्र, पुस्तक और ग्रंथपाल और इनके बीच के सहयोग के बारे में सोचते हैं - यह कौन सी प्रोग्रामिंग पद्धति का उदाहरण है?

उ.ऑब्जेक्ट रूपी

21. ऑब्जेक्ट रूपी प्रोग्रामिंग भाषा की शक्ति प्रोग्रामर को कौन से प्रकार के कोड बनाने में सक्षम बनाती है?

उ.विभागीय (Modular), पुनः उपयोगी (Reusable), प्रोग्राम का विकास कर सके (Extendable) इस प्रकार के

22. कौन-सी प्रोग्रामिंग पद्धति का उपयोग करके प्रोग्रामर मौजूदा मोड्युल में संशोधन कर नया प्रोग्राम तैयार कर सकता है?

उ.ऑब्जेक्ट रूपी

23. कोड के अन्य भागों में हस्तक्षेप किये बिना मोड्यूल को बदलने या स्थानांतरित करने की सुविधा, किसी भी प्रोग्रामिंग भाषा को क्या प्रदान करती है?

    उ.लचीलापन

24. ऑब्जेक्ट रूपी प्रोग्रामिंग पद्धति में मौजूदा कोड को पुनः उपयोगी कर सॉफ्टवेर विकास की गति को बढाया जा सकता है - सही या गलत?

    उ.सही

25. ऑब्जेक्ट रूपी प्रोग्रामिंग पद्धति की कौन सी सुविधा सॉफ्टवेर विकास की गति को बढाती है?

    उ.मौजूदा कोड

26. ऑब्जेक्ट रुपी प्रोग्रामिंग पद्धति में _____की अवधारणा का उपयोग करके एक समान वस्तुओं का उपयोग किया जाता है|

    उ. क्लास (class)

27. ऑब्जेक्ट रुपी प्रोग्रमिंग पद्धति वस्तु के मुख्य कितने गुणधर्मो का समर्थन करती है ?

    उ.चार

28. ऑब्जेक्ट रुपी प्रोग्रामिंग पद्धति वस्तु के मुख्य कौन से गुणधर्म का समर्थन करती है |

    उ. Abstraction, Encapsulation, Polymorphism, Inheritance

29. वास्तविक विश्व में दुनिया जिन वस्तुओ से बनी है उन्हें क्या कहते है ?

    उ.ऑब्जेक्ट

30. ऑब्जेक्ट मुख्यत: कितने स्वरुप में हो सकता है ?

    उ. दो

31. ऑब्जेक्ट मुख्यत: कौन से स्वरुप में हो सकता है ?

    उ. भौतिक,अमूर्त

32. ऑब्जेक्ट के जिस स्वरुप को छुआ या देखा न जा सके उसे क्या कहते हैं?

    उ. अमूर्त

33. तारीख, समय कौन प्रकार के ऑब्जेक्ट है ?

    उ. अमूर्त

34. ऑब्जेक्ट के सन्दर्भ में विशेषताओं को कौन रूप में जाना जाता है?

    उ. गुण(Property) या लक्षण(Attribute )

35. वस्तुओं की पहचान करने के लिए किनके मूल्यों का उपयोग करते है?

    उ. विशेषता

36. वस्तुओं की पहचान करने के लिए हम किनका उपयोग करते हैं?

    उ. गुणों के मूल्यों का

37. _______का उपयोग ऑब्जेक्ट्स  को एक दुसरे से अलग करने के लिए किया जाता है |
    उ. अवस्था
38. वस्तुओं के साथ स्वाभाव(behavour) जुड़ा होता है, जिसे क्या कहते है ?
    उ. पद्धति
39. ऑब्जेक्ट रुपी अवधारणा अंतर्गत नाम,शहर ,लिंग, जन्म तारीख ,व्यवसाय इत्यादी क्या है ?
    उ. गुण, लक्षण या विशेषता
40. व्यक्ति जन्म लेता है , उसका नामकरण होता, स्थान बदलता है-ऑब्जेक्ट रुपी अवधारणा  के अंतर्गत इसे क्या कहते है ?
    उ.स्वाभाव या पद्धति
41. ऑब्जेक्ट अथवा वस्तु को जिस नाम से जाना जाता है उसकी पहचान को क्या कहते है ?
    उ.identitty
42. वस्तु क्या है ?
    उ.अवस्था
43. ऑब्जेक्ट रुपी प्रोग्रामिंग में वस्तु से जुड़े डेटा गुणधर्म और व्यावहारिक  पद्दतियों को _______कहते है |
    उ. सदस्य(memeber) अथवा सुविधा(feature)
44. सॉफ्टवेर विनियोग की रचना करते समय किये गए ऑब्जेक्ट किस प्रकार के है?
    उ. विनियोग के लिए सार्थक
45. रेलवे आरक्षण विनियोग के लिए उपयोगी ऑब्जेक्ट कौन सें हैं ?
    उ. ट्रेन, यात्री ,टिकिट ,स्टेशन
46. रेलवे आरक्षण विनियोग के लिए निरर्थक ऑब्जेक्ट कौन सें हैं ?
    उ. कार, घर , कम्प्यूटर ,घड़ी
47. विभिन्न वस्तुओं(object) के लिए क्या समान हो सकता है ?
    उ. गुण, स्वाभाव
48. विभिन्न वस्तुओं (object) के लिए क्या भिन्न है ?
    उ.अवस्था
49. ऑब्जेक्ट आधारित पद्धति किनकी अवधारणा  का उपयोग करती है ?
    उ. क्लास
50. समान ऑब्जेक्ट की सामान्य लाक्षणिकताओं को व्याख्यायित करने के लिए किसका उपयोग होता है ?
    उ. क्लास

51. कौन-एक क्लास  के सभी ऑब्जेक्ट के लिए भिन्न है ?
    उ. अवस्था

52. कौन-सी पद्धति अमूर्त रूप से तुल्य परन्तु गुणों के मूल्य में भिन्न वस्तुओं के क्षमता रखती है ?
    उ.ऑब्जेक्ट आधारित
53. किसे विभिन्न वस्तुओं के लिए ब्लूप्रिंट के रूप में जाना जा सकता है ?
    उ.क्लास
54. कौन एक समान सुविधा वाली विभिन्न वस्तुओं (ऑब्जेक्ट) के लिए एक टेम्पलेट है?
    उ. क्लास
55. कौन एक सामान गुणधर्म और सामान्य व्यवहार (स्वाभाव )वाली वस्तुओं का वर्णन करता है ?
    उ. क्लास
56. एक क्लास में समाविष्ट विभिन्न वस्तुओं का उद्देश्य कौन से स्वरुप का होता है ?
    उ. एक समान(common )
57. कौन विशिष्ट वस्तुओं के समूह की सभी सामान्य सुविधाओं के अवतरण के लिए एक सर्वसामान्य अवधारणा है ?
    उ. क्लास
58. क्लास आलेख क्या प्रस्तुत करता है ?
    उ.क्लास का समूह ,बाधायें ,विभिन्न क्लास के बीच सम्बन्ध
59. ______का उपयोग ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड सॉफ्टवेर की प्रतिकृति तैयार करने के लिए किया जा सकता है |
    उ. UML
60. एकीकृत मॉडलिंग भाषा (UML) का उपयोग कर क्या तैयार किया जा सकता है?
    उ. ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड सॉफ्टवेयर की प्रतिकृति ,विनियोग
61. UML कौन से स्वरुप की भाषा है ?
    उ. द्रश्य ,विजुअल, मॉडलिंग
62. कौन UML को परिभाषित करता है?
    उ. OMG
63. UML की देख रेख कौन रखता है ?
    उ. OMG
64. UML एक सॉफ्टवेर आवेदन के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसका उपयोग करती है?
    उ. विभिन्न आकृति
65. क्लास आरेख (class diagram ) का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
    उ.एक आवेदन (विनियोग) का स्थिर व्यू दर्शाना
66. ________का मुख्य उद्देश्य एक आवेदन का स्थिर व्यू दर्शाना है |
    उ. क्लास आरेख

67. क्लास आरेख क्या है?
    उ.रेखाकृति
68. _________ से क्लास आरेख जुड़ा हुआ है |
    उ.ऑब्जेक्ट आधारित भाषा
69. क्लास आरेख का बड़े पैमाने पर कौन उपयोग करता हैं?
    उ. सॉफ्टवेर विकासकर्ता
70. _____ही वह आरेख जिसे ऑब्जेक्ट आधारित भाषाओं के साथ सीधे जोड़ा जा सकता है |
    उ. क्लास आरेख
71. क्लास आरेख को कौन से रूप में दर्शाया जाता है ?
    उ.आयताकार आइकॉन
72. क्लास डायग्राम में किसी भी क्लास को दर्शाने के लिए क्लास आइकॉन को कितने विभागों में बाँटा जाता है ?
    उ. तीन
73. क्लास डायाग्राम में किसी भी क्लास को दर्शाने के लिए क्लास आइकॉन को कौन-से विभागों में बाँटा जाता है ?
    उ. Name, Attribute, Method
74. क्लास डायाग्राम में क्लास आइकॉन का कौन भाग नहीं है ?
    उ. अवस्था
75. क्लास आरेख में क्लास को दर्शाने वाले क्लास आइकॉन के सबसे ऊपर के भाग में क्या दर्शाया जाता है ?
    उ. क्लास का नाम
76. क्लास आरेख में क्लास को दर्शाने वाले क्लास आइकॉन के मध्य भाग में क्या दर्शाया जाता है ?
    उ. क्लास के लक्षण या गुण
77. क्लास आरेख में क्लास को दर्शाने वाले क्लास आइकॉन के निचले भाग में क्या दर्शाया जाता है ?
    उ. क्लास का नाम
78. क्लास आरेख में क्लास को दर्शाने वाले क्लास आइकॉन को कौन से भाग मैं दर्शाया जाता है ?
    उ.ऊपर(Top)
79. क्लास आरेख में क्लास के लक्षण या गुण को क्लास आइकॉन को कौन से भाग में दर्शाया जाता है ?
    उ. मध्य (middle)
80. क्लास आरेख में क्लास के व्यवहार या पद्धतियों को क्लास आइकॉन के कौन से भाग में दर्शाया जाता है ?
    उ.निचे

81. क्लास आरेख में अवस्था को क्लास आइकॉन के कौन से भाग में दर्शाया जाता है ?
    उ. दर्शाया नही जाता है
82. UML की वाक्य रचना [<visibility>]<attribute name>[:<attribute data type>[=<initial value]] में किस कोष्ठक के बीच लिखी गयी आइटम वैकल्पिक है ?
    उ. [ ]
83. UML की वाक्य रचना [<visibility>]<attribute name>[:<attribute data type>[=<initial value]] में किस कोष्ठक के बीच लिखी गयी आइटम आवश्यक है ?
    उ. < >
84. -balance : float =0.0 वाक्य रचना में "_" क्या दर्शाता है ?
    उ.द्रश्यता
85. -balance : float =0.0 वाक्य रचना में "balance" क्या दर्शाता है ?
    उ. लक्षण का नाम
86. -balance : float =0.0 वाक्य रचना में "float " क्या दर्शाता है ?
    उ.डेटा टाइप
87. -balance : float =0.0 वाक्य रचना में "0.0" क्या दर्शाता है ?
    उ. प्रारम्भिक मूल्य
88. -balance : float =0.0 वाक्य में क्या वैकल्पिक है ?
    उ.-,float, 0.0
89. -balance : float =0.0 वाक्य रचना में क्या आवश्यक है ?
    उ.balance
90. uml अंकन में कौन सी वाक्य रचना का उपयोग कर कार्य (ऑपरेशन या पद्धति )घोषित किया जाता है ?
    उ.प्रोग्रामिंग भाषा का अधिक परिचत स्वरुप
91. .वाक्य रचना [<>]<method name>(पैरामीटर लिस्ट separted by comma ):<return deta type >में प्राचल(पैरामीटर)_______द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है |
    उ.डेटा टाइप,वैकल्पिक पूर्व निर्धारित कीमत
92. प्राचल कौन से आधार पर इनपुट या आउटपुट के रूप में निर्दिष्ट किया जा सकता है ?
    उ.read only
93. प्राचल(पैरामीटर) read only को कौन से रूप में निर्दिष्ट किया जा सकता है ?
    उ.इनपुट अथवा आउटपुट

94. कुछ सॉफ्टवेर विकासकर्ता - लक्षण और ऑपरेशन निर्दिष्ट करने के लिए UML के बजाय किसका उपयोग करना पसंद करते है ?

उ.प्रोग्रामिंग भाषा का अधिक परिचित स्वरुप

95. विनियोग के अमल के दौरान ऑब्जेक्ट को_______के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है |

उ.अवस्था

96. ऑब्जेक्ट ________है|

उ. गतिशील

97. किसी भी कम्प्यूटर प्रोग्राम के कितने मूल तत्व हैं?

उ. दो

98. _______ किसी भी कम्प्यूटर प्रोग्राम का मूल तत्व है |

उ. डेटा और फंक्शन

99. संरचित(structural अथवा प्रक्रियात्मक (Procedural )प्रोग्रामिंग, डेटा और फंक्शन को कैसा घटक समझती है ?

उ. अलग-अलग

100. ऑब्जेक्ट रुपी प्रोग्रामिंग, डेटा और फंक्शन को कैसा घटक समझती है ?

उ. समान

101. प्रक्रियात्मक प्रोग्रामिंग में प्रोग्राम को किसी विभाग में डेटा की कीमत कौन से स्वरुप की होती है?

उ. सामान रहती है ,किसी भी घटना के द्वारा बदला जाता है |

102. प्रक्रियात्मक प्रोग्रामिंग में डेटा की कीमत को प्रोग्राम के किसी भी भाग में बदला जा सकता है और यह परिवर्तन से सुरक्षित नहीं है-इस समस्या को कैसे हल किया जा सकता है ?

उ. प्रावरण (Encapsulation)

103. डेटा प्रावरण (Data Encapsulation) क्या है ?

उ. प्रोग्राम के डेटा और पद्धतियों को रक्षण प्रदान करने की तकनीक

104. _______द्वारा डेटा और पद्धतियों को प्रोग्राम के अन्य घटकों द्वारा संशोधित या दुरुपयोग कर हेरा फेरी करने की संभावंना से रक्षण प्राप्त किया जा सकता है |

उ. प्रावरण

105. प्रोग्राम की डेटा और पद्धति को सुरक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है ?

उ. प्रावरण

106. कौनसी पद्धति में प्रोग्राम के डेटा और पद्धतियों को एक ही इकाई क्लास में लपेटा जाता और उसे निजी घोषित किया जाता है ?

उ.प्रावरण

107. डेटा और पद्धतियों को एक ही इकाई क्लास में लपेटा जाता है जिसे _____कहते है |

उ. क्लास

108. क्लास को ______घोषित करने से डेटा और पद्धति को रक्षा प्रदान की जा सकती है ?

उ.निजी

109. डेटा प्रावरण के अंतर्गत क्लास के सभी सदस्य बाहरी दुनिया को सीधे उपलब्ध होते है सही या गलत ?

उ. गलत

110. डेटा को छुपाने की क्षमता कौन प्रदान करता है ?

उ.प्रावरण

111. कौन-सी क्षमता डेटा प्रावरण द्वारा प्राप्त की जा सकती है ?

उ. डेटा को छुपाने

112. एन्केप्सुलेशन कौन से स्वरुप मैं डेटा को सुरक्षित रखता है ?

उ.बाहरी वस्तुओं द्वारा अनायास किये गए कार्यों से ,अनजानी पहुँच से

113. कौन-सी प्रोग्रामिंग में आम(सार्वजानिक) डेटा क्षेत्र का उपयोग जानकारी का साझा करने के लिए होता है ?

उ.प्रक्रियात्मक

114. कौन-सी प्रोग्रामिंग अन्य प्रोग्राम के आम डेटा ग्लोबल वेरिएबल तक सीधी पहुच को रोकती है?

उ.ऑब्जेक्ट आधारित

115. ______कार्यान्वन के विस्तार को शामिल किये बिना वस्तुओं की आवश्यक सुविधाओं का प्रतिनिधित्व करने की प्रक्रिया है |

उ.अमूर्तन (abstraction)

116. डेटा अमूर्तन क्या है ?

उ.कार्यान्वन के विस्तार को शामिल किये बिना वस्तुओं की आवश्यक सुविधाओं का प्रतिनिधित्व करने की प्रक्रिया

117. जटिलता छुपाने की अवधारणा क्या है ?

उ.अमूर्तन

118. टेलीविजन की आतंरिक कार्यप्रणाली बाहरी कार्यप्रणाली से एकदम अलग है -यह किसका उदारण है ?

उ.अमूर्तन

119. डेटा अमूर्तन ________ पर आधारित है ?

उ. इंटरफ़ेस और कार्यान्वन को अलग अलग करना

120. डेटा अमूर्तन कौन प्रदान करता है ?

उ. आवश्यक इनपुट डेटा मानको के साथ उपयोगकर्ता द्वारा व्याख्यायित फलन

121. डेटा अमूर्तन हमें उपयोग करने के लिए क्या प्रदान किया जाता है ?
   उ. रूपरेखा, ढांचा
122. डेटा अमूर्तन प्रणाली क्या छुपाती है ?
   उ.डेटा का संग्रह, डेटा का निर्माण और डेटा को कैसे बनाया जाता है |
123. डेटा का संग्रह, निर्माण अथवा बनाये रखने जैसी कुछ जानकारियों को कौन छुपाता है ?
   उ. अमूर्तन
124. डेटा अमूर्तन की कौन सी विशेषता के कारण दूसरो पर असर डाले बिना डेटा को आवश्यकता अनुसार बदला जा सकता है ?
   उ.शेष दुनिया को डेटा टाइप का अमूर्तन व्यवहार दिखाई देता है
125. डेटा अमूर्तन द्वारा क्या सक्षम है ?
   उ.डेटा रक्षण, डेटा छिपाना
126. डेटा अमूर्तन का उदाहरण क्या है ?
   उ.c/c++ में Abstract data types, c++/java में classes
127. कौन डेटा को बाहर से दुर्गम बनाकर रक्षण प्रदान करता है ?
   उ.प्रावरण
128. कौन डेटा का कार्यान्वित विस्तार छुपाकर प्रस्तुत करता है ?
   उ. अमूर्तन
129. डेटा एन्केप्स्युलेशन और डेटा अब्सट्रेक्सन में मूल अन्तर क्या है ?
   उ.डेटा एन्केप्स्युलेशन बहार से दुर्गम बनाकर डेटा का रक्षण प्रदान करता है|
   डेटा अब्सट्रेक्सन डेटा का कार्यान्वित विस्तार छुपाकर प्रस्तुत करता है|
130. ऑब्जेक्ट ओरियेंटेड प्रोग्रामिंग में पद्धति को बुलाने(call) की प्रक्रिया को क्या कहते है ?
   उ. मेसेज
131. ऑब्जेक्ट ओरियेंटेड प्रोग्रामिंग में सन्देश अर्थात _______
   उ. पद्धति को किया गया call
132. मेथड call का नियंत्रण किसके द्वारा होता है ?
   उ. उन ऑब्जेक्ट द्वारा जो उनको समझते है ?
133. मान लीजिये कि हमारे पास दो अलग अलग क्लास date और person है, क्या इनकी एक ही नाम वाली पद्धति display हो सकती है ?
   उ.हाँ
134. मान लीजिये कि हमारे पास दो अलग अलग क्लास date और person है इनकी एक ही नाम वाली पद्धति display को call करने पर प्रोग्राम की कौन सी पद्धति कार्यान्वित होगी ?
   उ.जिस क्लास के ऑब्जेक्ट द्वारा call की गयी हो उस क्लास की पद्धति

135. ______अर्थात कई स्वरुप

उ.बहुरूपता

136. ऑब्जेक्ट रुपी प्रोग्रामिंग में हम एक ही नाम के अलग-अलग फलन कब व्याख्यायित कर सकते है ?

उ.जब भिन्न-भिन्न पद्धति की सिग्नेचर अलग-अलग हो

137. ऑब्जेक्ट ओरियेंटेड प्रोग्रामिंग के सन्दर्भ में सिग्नेचर अर्थात _______

उ.पैरामीटर की संख्या और प्रकार

138. प्राचल(पैरामीटर) की संख्या और प्रकार को क्या कहते है ?

उ.सिग्नेचर

139. ऑब्जेक्ट ओरियेंटेड प्रोग्रामिंग एक क्लास में एक ही नामवाली परन्तु अलग-अलग सिग्नेचर वाली एक से ज्यादा पद्तियों को व्याख्यायित करने की अनुमति देता है ,इस सुविधा को क्या कहते है ?

उ.फंक्शन ओवरलोडिंग, मेथड ओवरलोडिंग

140. ऑब्जेक्ट ओरियेंटेड प्रोग्रामिंग में एक ही ऑपरेशन के भिन्न अर्थ हो सकते है जिसका आधार उपयोग में लिए गए ओपरेंड के डेटा टाइप पर होता है, इस प्रकार की बहुरूपता को क्या कहते हैं ?

उ.ऑपरेटर ओवरलोडिंग

141. एक ही ऑपरेशन के भिन्न -भिन्न अर्थ हो सकते है जिसका आधार किन पर है ?

उ.उपयोग में लिए गए ओपरेन्ड के डेटा टाइप पर

142. फंक्शन अथवा मेथड ओवरलोडिंग अर्थात _______

उ.एक क्लास में एक ही नामवाली अलग-अलग पद्धतियां व्याख्यायित करना

143. ऑपरेटर ओवरलोडिंग अर्थात _______

उ.ओपरांड के डेटा टाइप के आधार पर एक ही ऑपरेशन के भिन्न -भिन्न अर्थ

144. बहुरूपता कितने प्रकार के ओवरलोडिंग से प्राप्त की जाती है ?

उ.दो

145. कौन से प्रकार की ओवरलोडिंग से बहुरूपता प्राप्त की जाती है ?

उ.फंक्शन, ऑपरेटर

146. कौनसे प्रकार की ओवरलोडिंग से बहुरूपता प्राप्त नहीं की जाती है ?

उ.डेटा छिपाना

147. आम तौर पर अलग-अलग सदर्भो में अलग-अलग चीजो को एक सामान नाम देना अर्थात ________

उ.ओवरलोडिंग

148. ओवरलोडिंग अर्थात _____

उ.अलग-अलग संदर्भो में अलग-अलग चीजों को एक सामान नाम देना

149. जब एक क्लास के ऑब्जेक्ट दुसरे क्लास के ऑब्जेक्ट से बने हो तो उसे क्या कहते हैं?

उ. एकत्रीकरण अथवा संगठन

150. कौनसी क्लासों के बीच पूर्ण(has-a) अथवा उनका अंश(a-part-of) सम्बन्ध दर्शाता है ?

उ. एकत्रीकरण अथवा संगठन

151. मदरबोर्ड कम्प्यूटर का एक भाग है, यह क्या दर्शाता है ?

उ. एकत्रीकरण अथवा संगठन

152. एकत्रीकरण दो क्लासों के बीच किस प्रकार के सम्बन्ध का प्रतिनिधित्व करता है ?

उ. गैर-अनन्य

153. _______एक क्लास, जो मालिक क्लास का हिस्सा बनता है,स्वतंत्र रूप से मौजूद हो सकता है |

उ. एकत्रीकरण

154. मूलभूत एकत्रीकरण को किस प्रकार दर्शाया जाता है ?

उ. रिक्त हीरे के प्रतीक द्वारा पूरे क्लास के बाद

155. संगठन दो क्लासों के बीच किस प्रकार के सम्बन्ध का प्रतिनिधित्व करता है ?

उ. अनन्य

156. संगठन किस प्रकार का एकत्रीकरण है ?

उ.मजबूत

157. विरासत(Inheritance) दो क्लास के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध दर्शाता है ?

उ.is-a-kind

158. विरासत कब उचित है ?

उ.जब एक क्लास दुसरे क्लास जैसा हो

159. एक क्लास में एक समान नाम वाली एक से अधिक पद्धतियों को व्यख्यायित करने की सुविधा अर्थात _____

उ.पोलिमोर्फिज्म

160. ऑब्जेक्ट रुपी शब्दावली में विरासत का उपयोग कर व्यख्यायित किए गए नए क्लास को क्या कहते है ?

उ.गौण क्लास (चाइल्ड क्लास)

161. ऑब्जेक्ट रुपी शब्दावली में जिस प्रवर्तमान क्लास में से विरासत का उपयोग कर नए क्लास को व्यख्यायित किया जाता है उसे क्या कहते है ?

उ. सुपर,पितृ,आधार क्लास

162. सुपर क्लास की कौनसी चीजें गौण क्लास के ऑब्जेक्ट में बिना उसको उपस्थिति बताये उपलब्ध होती है ?

उ. डेटा गुण , पद्धतियां

163. कौन पुन: उपयोगिता उपलब्ध करता है ?

उ. विरासत

164. ______में आधार (आंशिक) क्लास का जीवनकाल मालिक (ओनर) क्लास पर निर्भर करता है ?

उ. संगठन

165. ______में एकत्र क्लास के ऑब्जेक्ट को दूर करने पर आंशिक क्लास का ऑब्जेक्ट भी दूर हो जाता है|
    उ. संगठन
166. संगठन संबंधो को किस प्रकार दर्शाया जाता है ?
    उ. भरे हीरे का प्रतीक द्वारा पूरे क्लास के बाद
167. दुसरे क्लास के ऑब्जेक्ट को अंकुशित करने वाले क्लास को क्या कहते है ?
    उ. एकत्रीकारक,पूर्ण और मालिक क्लास
168. मालिक क्लास में समाविष्ट क्लास को क्या कहते है ?
    उ. एकत्रिकृत, आधार और विषय क्लास
169. दूसरें प्रवर्तमान क्लास के गुणधर्मो को विरासत में प्राप्त कर नए क्लास को परिभाषित करने की सक्षमता अर्थात ______
    उ.विरासत (इनहेरिटेंस)
170. एक क्लास ऑब्जेक्ट को दूसरे क्लास ऑब्जेक्ट से संघठित करने की सक्षमता अर्थात ______
    उ. संगठन
171. एक क्लास में एक समान नामवली एक से अधिक पद्धतियों को व्याख्यायित करने की सुविधा अर्थात ______
    उ. बहुरूपता
172. ऑब्जेक्ट रुपी शब्दावली में विरासत का उपयोग करके व्याख्यायित किये गए नए क्लास को क्या कहते है ?
    उ.गौण, बाल क्लास और प्राप्त किया हुआ क्लास
173. ऑब्जेक्ट रुपी शब्दावली में जिस प्रवर्तमान क्लास में से विरासत का उपयोग नए क्लास को व्याख्यायित किया जाता है उसे क्या कहते है ?
    उ. Super, Parents and Base class
174. सुपर क्लास की कौन-सी चीजें गौण क्लास के ऑब्जेक्ट में बिना उसको उपस्थिति बताये उपलब्ध होती है ?
    उ. डेटा गुण , पद्धतियों
175. कौन पुन: उपयोगिता उपलब्ध कराती है ?
    उ.पुन: व्याख्यायित किये बिना प्रवर्तमान पद्धतियों को पुन: उपयोग में लेना
176. विरासत का दूसरा नाम क्या है ?
    उ.सामान्यीकरण
177. सामान्यीकरण किस प्रकार का सम्बन्ध है ?
    उ. Is -a
178. सामान्यीकरण दो क्लासो के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध दर्शाता है ?
    उ. एक क्लास दुसरे क्लास का विशेष संस्करण हैं

179. सामान्यीकरण के दौरान सुपर क्लास में क्या व्याख्यायित किया जाता है ?
 उ. गुण,पद्धतियाँ
180. व्याख्यायित के सन्दर्भ में गौण क्लास क्या है ?
 उ. और ज्यादा गुणों और पद्धतियों के साथ वाला एक विशिष्ट संस्करण
181. विरासत के मुख्य कितने प्रकार के होते है ?
 उ. दो
182. कौन-सा विरासत का एक प्रकार है ?
 उ. एकस्तरीय और द्विस्तरीय
183. जब एक क्लास दो या दो से ज्यादा क्लासेज से प्राप्त किया जाता है तो उसको क्या कहते है ?
 उ. Multiple inheritance
184. विरासत में एक क्लास कीक्रियात्मकता किस प्रकार प्राप्त की जाती है ?
 उ.साझेदारी द्वारा ,पुन: उपयोग ,विस्तृत करने के गुण विरासत में प्राप्त कर
185. _______में क्लास दुसरे क्लास से विरासत नहीं लेते है परन्तु अन्य क्लास से बने (Composed of) होते है |
 उ.संगठन
186. _______मैं क्लास गुणों को अन्कुशित करता है , जहाँ कुछ गुण दूसरे प्रकार के क्लास होते है |
 उ.संगठन
187. ऑब्जेक्ट रुपी अवधारणाऐ कार्यप्रणाली के रूप में किस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ?
 उ.विशलेषण ,डिजाईन ,कार्यान्वन
188. ऑब्जेक्ट रुपी अवधारणा में ध्यान ऑब्जेक्ट पर हैं,जो किसे अंकुशित करता है ?
 उ.डेटा और पद्धतियों को एक साथ
189. एक क्लास_______ का टेम्पलेट के रूप में एक साथ संपुटीकरण(Encapsulation) करता है |
 उ.गुणों या लक्षणों, पद्धतियों का व्यवहार
190. एक क्लास_______गुणों और पद्धतियों का किस रूप में एक साथ संपुटीकरण करता है ?
 उ.टेम्पलेट (नमूना)
191. ऑब्जेक्ट रुपी अवधारणा में वस्तुओं (ऑब्जेक्ट) को किसके द्वारा पहचाना जाता है ?
 उ.अवस्था
192. दो CLASS की सामान्य सुविधायों का कार्यान्वन किस क्लास में होता है ?
 उ.सुपर क्लास
193. सुपर क्लास में कौन सी सुविधायों का कार्यान्वन होता है ?
 उ.सामान्य

194. दो CLASS की सामान्य सुविधायों का कार्यान्वन किस क्लास में होता है ?

उ.सुपर क्लास

195. गौण क्लास में कौन सी सुविधाओ का कार्यान्वन होता है ?

उ.विशिष्ट

## **Full - Form**

196. VB = Visual Basic
197. ASP = Active server pages
198. PHP = Hypertext Preprocessor
199. UML = Unified Modeling Language
200. OMG = Object management group
201. ADT = Abstract data type